किसान नेता बाजवा ने आंदोलन तेज करने के दिए संकेत, मुजफ्फरनगर में टिकैत से मिले

बाजपुर में फिर बड़े किसान आंदोलन की सुगबुगाहट

संवाद सहयोगी, जागरण बाजपुर : बाजपुर के 20 गांवों की 5,838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों का मुद्दा एक बार फिर किसान मंच पर जोरदार तरीके से उठा है। मुजफ्फरनगर में 17 सितंबर को भारतीय किसान यूनियन की ओर से आयोजित किसान-मजदूर रात्रि महापंचायत में भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने प्रभावित किसानों के अधिकारों की बहाली की मांग उठाई।



मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत से बाजपुर के बीस गांव की भूमि के बारे में चर्चा करते किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ● सौ. स्वयं

बाजवा ने बताया कि बाजपुर के 20 गांवों की भूमि पर किसानों को वर्ष 1970 से पहले से प्राप्त भूमिधरी अधिकारों को नियमों के विरुद्ध छीने जाने का किसानों का आरोप है। अधिकारों की बहाली के लिए किसानों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा। बाजपुर के 20 गांवों की 5,838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों का मामला पिछले कई वर्षों से किसान आंदोलन का प्रमुख मुद्दा रहा है। बाजवा ने बताया कि इस संबंध में उनकी राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत से बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इस मुद्दे को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी और किसानों के हकों की लड़ाई जारी रहेगी। आंदोलन को केवल बाजपुर के 20 गांवों की 5,838 एकड़ भूमि तक सीमित नहीं रखा जाएगा। वर्ग-3, वर्ग-4 सहित अन्य श्रेणियों की भूमि के भूमिधरी अधिकारों से जुड़े किसानों के मुद्दों को भी आंदोलन में प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों के किसान संगठनों से भी प्रभावित किसानों के अधिकारों की लड़ाई में सहयोग करने की अपील की है। बाजपुर के 20 गांवों की भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर पूर्व में भी लंबे समय तक धरना-प्रदर्शन और सत्याग्रह हो चुके हैं तथा विभिन्न किसान संगठनों की ओर से इस मामले के समाधान की मांग उठती रही है।

काशीपुर के किसान नेता पर केस दर्ज होने से भाकियू नाराज, दी चेतावनी

जागरण संवाददाता, खटीमा : काशीपुर के किसान नेता जितेंद्र सिंह जीतू के विरुद्ध एक स्कूल प्रबंधन की ओर से प्राथमिकी पंजीकृत कराने से भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने कड़ा आक्रोश जताया है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

यूनियन पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की, जिसमें उन्होंने काशीपुर के एक स्कूल प्रबंधन द्वारा कुछ विद्यार्थियों को फीस जमा न कर पाने के कारण परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया, जिसका किसान नेता जीतू द्वारा विरोध किया गया। आरोप है कि इस पर स्कूल प्रबंधन की ओर से किसान नेता पर झूठे व गंभीर आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कराई गई है, जिसे किसान यूनियन कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष गुरसेवक सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, जिलाध्यक्ष मनजिंदर सिंह, अनिल सिंह राणा, सुखविंदर सिंह, सुभाष राणा, विजय राणा, सुखमीत सिंह आदि रहे।



खटीमा में पत्रकार वार्ता करते भाकियू के पदाधिकारी ● जागरण

निजी स्कूल के विरोध में छात्र संघ का प्रदर्शन

जासं, काशीपुर : निजी स्कूल में फीस को लेकर शुरू हुए विवाद में छात्र संघ भी उतर आया है। शुक्रवार को छात्र संघ के पदाधिकारियों ने बीईओ धीरेंद्र कुमार साहू को ज्ञापन सौंपकर स्कूल की मनमानी पर रोक लगाने के साथ प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा ने कहा कि मामले से जुड़े आरोपों की निष्पक्षता से जांच हो। शिक्षा विभाग से स्कूल से संबंधित दस्तावेजों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की शिकायतों व सामने आए आरोपों की जांच कर वास्तविक मामले में ओंकार ग्लोबल एकेडमी की ओर से पुलिस में तहरीर दी गई। किसान नेता भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठा चुके हैं।

25 तक करा लें केवाईसी, नहीं तो सिलिंडर मिलने में होगी परेशानी

संस, जागरण बाजपुर: गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं के लिए जरूरी खबर है। ई-केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को आने वाले दिनों में गैस रिफिल लेने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड ने ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 सितंबर निर्धारित की है।

बाजपुर इंडेन गैस सर्विस के प्रबंधक रामबाबू ने बताया कि वर्तमान में उज्ज्वला योजना के 894 और सामान्य श्रेणी के 2638 उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी नहीं कराई है। इस तरह कुल 3532 उपभोक्ताओं को 25 सितंबर तक यह प्रक्रिया पूरी करानी है। कहा कि उपभोक्ता गैस एजेंसी के कार्यालय पहुंचकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। इसके अलावा डिलीवरीमैन के माध्यम से या स्वयं आनलाइन भी ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। उपभोक्ताओं से अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए जल्द प्रक्रिया पूरी कराने की अपील की है।

लाखों के प्याऊ पेयजल की जगह बीमारी को दे रहे न्योता

केलाखेड़ा में 14 प्याऊ में अधिकांश बंद, चालू प्याऊ भी गंदगी से घिरे, स्थानीय लोगों ने उठाई समस्या



केलाखेड़ा में लगे प्याऊ की गंदगी का हाल ● जागरण

बेअंत सिंह ● जागरण

केलाखेड़ा : राहगीरों और आम लोगों को शीतल व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम खां के कार्यकाल में नगर क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से करीब 14 प्याऊ लगाए गए थे। देखरेख के अभाव में अब इनमें से कई प्याऊ बंद पड़े हैं, जबकि जो चालू हालत में हैं, वे भी गंदगी और अव्यवस्थाओं से घिरे हुए हैं। ऐसे में लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए प्याऊ अब बीमारी का खतरा बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

नगर के मुख्य बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर लगाए गए इन प्याऊ का उद्देश्य गर्मी के मौसम में लोगों की प्यास बुझाना था। वर्तमान में कई प्याऊ की टोटियां खराब हैं तो कहीं पानी की टंकी और आसपास गंदगी जमा है। लंबे समय से सफाई और रखरखाव नहीं होने के कारण प्याऊ की स्थिति बदहाल हो गई है। गंदगी के बीच लगे प्याऊ देखकर लोग इनका पानी पीने से भी परहेज कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि जिम्मेदार विभाग समय रहते ध्यान नहीं देता है तो आम लोगों को इसका लाभ मिलने के बजाय परेशानी ही उठानी पड़ेगी। कहा कि जिस उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, उसका लाभ आम जनता को मिलना चाहिए।



"मेरे कार्यकाल में जनता को प्यास बुझाने के लिए नगर के मुख्य बाजार व अन्य कई जगह शीतल जल के लिए प्याऊ लगवाए गए थे, जिनकी वर्तमान में दशा देखकर प्यासा व्यक्ति पानी पीना तो दूर वहां खड़ा भी नहीं हो सकता, नगर पंचायत की जिम्मदारी बनती है कि आम नागरिक को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए।

- अकरम खां, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केलाखेड़ा



नगर में काफी अधिक बहुसंख्या में गरीब लोग निवास करते हैं और प्याऊ से आम नागरिक को पेयजल की जगह अगर बीमारियां ही मिलेंगी तो आम नागरिक का क्या होगा

- सतीश अरोरा, कोषाध्यक्ष व्यापार मंडल केलाखेड़ा।



दूषित पानी पीने से टाइफाइड, उल्टी, दस्त, पीलिया जैसी गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है, जिस से जीवन का गंभीर खतरा बना रहता है।

- रवि श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केलाखेड़ा।

झोपड़ी के पास से बकरी का बच्चा उठा ले गया गुलदार



बाजपुर में घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस एवं वन विभाग की टीम ● जागरण

संवाद सूत्र, केलाखेड़ा: झोपड़ी के पास से गुलदार बकरी के बच्चे को उठाकर ले गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। ग्राम चंदनपुरा निवासी रंजीत दिवाकर विधायक अरविंद पांडेय के आवासीय कार्यालय में कंप्यूटर आपरेटर हैं। स्वजन के अनुसार बीती रात गुलदार झोपड़ी के पास पहुंचा और बकरी के बच्चे को उठाकर ले गया। घटना के बाद परिवार के लोग भयभीत हैं। वन विभाग की टीम ट्रैप कैमरे लगाने की तैयारी कर रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक पांडेय ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से संपर्क कर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

आयुष्मान कार्ड द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।



JEEVAN JYOTI HOSPITAL

THE PIONEER OF LAPAROSCOPIC SURGERY IN BAREILLY

के-4, रामपुर गार्डन, बरेली

0581-2510775, 2510776, 9927022030

दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन

पित्त की थैली/पित्त की नली मे पथरी, पेशाब का गदूद, गुर्दे, यूरेटर एवं मसाने की पथरी, सभी प्रकार के हर्निया, अपेंडिक्स, बच्चेदानी के आपरेशन की सुविधा

अन्य सुविधाएं: बवासीर, भगंदर, फिशर, किडनी एवं मूत्र संबंधी सर्जरी, किडनी स्टोन, पीसीएनएल, यूआरएस, बीआईयू, टीयूआर (पी), टीयूआर (बीटी)

लेज़र विधि अब उपलब्ध: गुदा विदार (फ़िशर), बवासीर, भगंदर का इलाज़

सामान्य एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन



डॉ अजय भारती M.B.B.S., M.S., FAMASI, Dip. M.A.S.

OUR PHILOSOPHY IS "HEALTHY LIVING AT AFFORDABLE COST"

नेत्र-विशेषज्ञ: डॉ. अनीता अजय M.B.B.S, M.S.

बाल-रोग विशेषज्ञ: डॉ. मनीष अग्रवाल M.B.B.S, M.D (PAEDIA).

स्त्री-रोग विशेषज्ञ: डॉ. दिव्या अग्रवाल M.B.B.S, M.S.

सामान्य और सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा व NICU की सुविधा

सरकार आपके द्वार में वनराजि बस्ती के लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

जागरण संवाददाता, खटीमा : सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े लाभार्थी तक पहुंचाने के उद्देश्य से वनराजि बस्ती में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया, जिसमें बस्ती के 15 परिवारों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चिह्नित किया गया। इसके अलावा बस्ती को जाने वाले मार्ग का कायाकल्प किए जाने समेत क्षतिग्रस्त पुलियों के निर्माण की बात भी कही गई।

मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी के निर्देश पर सरकार आपके द्वार के तहत वनराजि बस्ती में शुक्रवार को शिविर लगाया गया, जिसमें समाज कल्याण, जनजाति कल्याण विभाग, पेयजल, स्वास्थ्य, पूर्ति विभाग, विद्युत, राजस्व, ग्राम्य विकास, ई-डिस्ट्रिक, बाल विकास, पशुपालन समेत विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का इलाज किया, जबकि पशुपालन विभाग ने पशुओं के लिए दवाइयां दीं। ग्राम प्रधान आशा बिष्ट ने बस्ती को जाने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण व आंतरिक संपर्क मार्गों पर पड़ने वाली क्षतिग्रस्त पुलियों के निर्माण, बस्ती में निर्धन परिवारों के गरीबी रेखा के कार्ड बनाने की मांग उठाई। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला जनजाति कल्याण अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बस्ती में निवास करने वाले 15 परिवारों को आधार कार्ड व राशन कार्ड बनवाने के लिए चिह्नित किया। खंड विकास अधिकारी संजय गांधी ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर बस्ती को जाने वाले मार्ग व पुलियों के निर्माण के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जल्द ही यह कार्य पूर्ण भी करा दिया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी भरत सिंह राणा, अवर अभियंता पवन उप्रेती, मोहन सिंह परगाई, पशु चिकित्साधिकारी डा.आरआर चैंतोला, ग्राम पंचायत अधिकारी तनुज धामी, जल संस्थान के अवर अभियंता कमल जोशी, भाजपा नेता हिमांशु बिष्ट, राकेश बिष्ट, कमान सिंह, जीवन सिंह पोखरिया आदि मौजूद थे।



वनराजि बस्ती को जाने वाला क्षतिग्रस्त मार्ग को दिखाते ग्रामीण ● जागरण





1. रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिका कितने प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है?
(क) 75 (ख) 80 (ग) 90 (घ) 100

2. अगले पांच साल तक टाटा संस के चेयरमैन कौन रहेंगे?
(क) एन चंद्रशेखरन (ख) वाई ए शेखर (ग) नोएल टाटा (घ) विजय सिंह

3. भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी 20 सीरीज में कितने मैच जीते?
(क) 2 (ख) 3 (ग) 1 (घ) 4

खटीमा में किन्नरों के अधिक राशि वसूलने पर रोक लगाने की मांग

खटीमा में एसडीएम(दाएं) को समस्या बतातीं महिलाएं ● जागरण

जागरण संवाददाता, खटीमा : क्षेत्र की महिलाओं ने किन्नरों द्वारा अधिक राशि वसूलने पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही दर्जा राज्यमंत्री के साथ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

मुंडेली गांव की महिलाएं शुक्रवार को तहसील स्थित सैनिक कल्याण कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने दर्जा राज्यमंत्री कै. गंभीर सिंह धामी से भेंट कर उन्हें किन्नरों द्वारा अधिक राशि लिए जाने की समस्या बताई। कहा कि कुछ किन्नरों द्वारा नया मकान बनाने पर भी बधाई के रूप में 11 हजार से 21 हजार रुपये की राशि देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। लोगों द्वारा स्वेच्छा से रुपये नेग के रूप में देने पर उनसे अभद्रता की जाती है। कहा, किन्नरों द्वारा घर आकर जबरन वसूली की जा रही है। इसके बाद उन्होंने एसडीएम तुषार सैनी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने दोनों पक्षों को बुलाकर न्यायसंगत राशि तय करने की मांग की। एसडीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान ललिता चंद, पुष्पा थापा, जानकी चंद, हरि देवी, जानकी देवी, गीता चंद, माया देवी, मेघा जोशी, भागीरथी देवी, मानवती बिष्ट आदि मौजूद थीं।

क्विज संख्या 3 के विजेताओं के नाम

अमरिंदर	*****40046	कानपुर	प्रीति	*****57660	रांची
अमन	*****18816	लखनऊ	प्रेमा	*****83415	नोएडा
मंशिका	*****81815	मेरठ	धर्मेंद्र	*****06484	रतलाम
कृपाराम	*****89247	झांसी	पूजा	*****62828	मथुरा
राजू	*****88840	मध्य दिल्ली	कविता	*****46865	देहरादून
दीक्षा	*****75797	ऋषिकेश	रोहित	*****77700	हिसार
दुष्यंत	*****19471	दुर्ग	बबलू	*****13305	लुधियाना
गुंजन	*****93905	भोपाल	सीमा	*****58140	गोरखपुर
बिपुल	*****70650	वाराणसी	राजीव	*****08594	अलीगढ़
शुभम	*****15561	जमशेदपुर	मनीषा	*****75371	बरेली
नरेंद्र	*****08271	उत्तर दिल्ली	मास्स	*****07719	रायपुर
कुलदीप	*****70670	प्रयागराज	अनका	*****31762	अमृतसर
मीना	*****59352	गुरुग्राम	गौरव	*****25507	धनबाद
कल्पेश	*****43781	मुजफ्फरपुर	राजीव	*****93551	मागलपुर
रजनी	*****29319	पटना	मोहन	*****50982	इंदौर



आज के सवालों के जवाब देने के लिए स्क्रैच करें

क्विज संख्या 4 के उत्तर : 1 (क) 2 (ख) 3 (ग)

पढ़ते रहिए दैनिक जागरण

क्विज खेलने के लिए निःशुल्क एप्प डाउनलोड करना अनिवार्य

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा : क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रथम तल क्षेत्रीय कार्यालय, रुद्रपुर, गाबा चौक के पास, काशीपुर रोड, रुद्रपुर- 263153

ई-नीलामी सूचना

चल/अचल संपत्तियों की नीलामी सूचना "परिशिष्ट IV-A" 6(2) और/या 9(1) देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुन: निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ पठित 6(2) और/या 9(1) के अधीन बैंक को बंधक रखी चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी एवं जमानतदार को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित संपत्ति बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, खर्चे एवं कीमत इत्यादि सहित वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत ई-नीलामी द्वारा विक्रय की जा रही है। निम्न वर्णित संपत्तियां "जहां है जैसी है एवं जो है जैसी है" के आधार पर ई-नीलामी के द्वारा विक्रय की जायेंगी। बकाएदार/जमानतदार/सम्पत्ति/यों का विवरण/बकाया धनराशि/रिजर्व प्राईज/ ई-नीलामी की तिथि एवं समय, आरक्षित मूल्य एवं न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :-

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राईज	दिनांक एवं ई-नीलामी के प्रारम्भ का समय	मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया धनराशि
	सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का कानूनी नोटिस				
1.	**1. मैसर्स श्री दयाल राइस मिल, द्वारा इसके पार्टनर्स :-** (1) श्री राजकुमार पुत्र वीरभान, (2) स्वर्गीय श्री कवल नैन पुत्र वीरभान, द्वारा विभिन्न विधिक वारिसों, पता- ग्राम नवलपुर, गढ़ीनेगी, तहसील जसपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 2. श्री राजकुमार पुत्र वीरभान (पार्टनर, मैसर्स श्री दयाल राइस मिल), पता- गढ़ीनेगी, गणेशनगर, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 3. स्वर्गीय श्री कवल नैन पुत्र वीरभान के विधिक वारिस, श्रीमती नीता सुधा पत्नी स्वर्गीय कवल नैन, पता- वार्ड नं. 13, गढ़ीनेगी, गणेशनगर, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 4. स्वर्गीय श्री कवल नैन पुत्र वीरभान के विधिक वारिस, कु. स्मृति (नाबालिग) पुत्री स्वर्गीय श्री कवल नैन, द्वारा इनकी माता एवं प्राकृतिक अभिभावक श्रीमती नीता सुधा पत्नी स्वर्गीय कवल नैन, पता- वार्ड नं. 13, गढ़ीनेगी, गणेशनगर, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 5. स्वर्गीय श्री कवल नैन पुत्र वीरभान के विधिक वारिस, कु. श्रुति (नाबालिग) पुत्री स्वर्गीय श्री कवल नैन, द्वारा इनकी माता एवं प्राकृतिक अभिभावक श्रीमती नीता सुधा पत्नी स्वर्गीय कवल नैन, पता- वार्ड नं. 13, गढ़ीनेगी, गणेशनगर, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 6. स्वर्गीय श्री कवल नैन पुत्र वीरभान के विधिक वारिस, मास्टर अपूर्व (नाबालिग) पुत्र स्वर्गीय श्री कवल नैन, द्वारा इनकी माता एवं प्राकृतिक अभिभावक श्रीमती नीता सुधा पत्नी स्वर्गीय कवल नैन, पता- वार्ड नं. 13, गढ़ीनेगी, गणेशनगर, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 7. श्री विजय कुमार पुत्र श्री बिम्मन लाल, पता- गढ़ीनेगी, गणेशपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713	सम्पत्ति सं. 1:- बंधक अचल सम्पत्ति (एक भूखंड) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा नं. 178, ग्राम- नवलपुर, तहसील- जसपुर, ऊधम सिंह नगर में स्थित है। सम्पत्ति वही नं. 1, जिल्द नं. 419, पृष्ठ सं. 135 से 148, क्रमांक सं. 1143, दिनांक 12.04.2016 के द्वारा श्री कवल नैन के नाम पर दर्ज है। सेल डीड के अनुसार सीमायें - पूरब में श्री सूरता सिंह की आराजी, पश्चिम में चक रोड के बाद नहर, उत्तर में विक्रेता श्री चंद्र मोहन की भूमि, दक्षिण में विक्रेता राजकुमार की भूमि। कुल क्षेत्रफल 0.455 हेक्टेयर। सम्पत्ति सं. 2:- बंधक अचल सम्पत्ति (एक भूखंड) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 178 मिन., क्षेत्रफल 0.184 ह0 तथा खसरा सं. 181, क्षेत्रफल 0.271 है0, कुल क्षेत्रफल 0.455 है0, ग्राम- नयलपुर, तहसील- जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर में स्थित है। सम्पत्ति वही नं. 1, जिल्द नं. 1442, पृष्ठ सं. 25 से 28, क्रमांक सं. 5363 दिनांक 04.08.2006 के द्वारा श्री राजकुमार के नाम पर दर्ज है। सेल डीड के अनुसार सीमाये - पूरब मे श्री सुरता सिंह की आराजी, पश्चिम मे चक रोड के बाद नहर, उत्तर में विक्रेता श्री प्रेम सिंह की आराजी, दक्षिण मे चक रोड। लीज डीड:- सम्पत्ति उप-निबंधक जसपुर के कार्यालय में लीज डीड. वही स. 1, जिल्द सं. 477, पृष्ठ सं. 23 से 46, क्रमांक सं. 3377, दिनांक 26.10.2016 को मैसर्स श्री दयाल राइस मिल के पक्ष में रेयिवत पंजीकृत है। कुल क्षेत्रफल 0.910 है0 अथवा 2.25 एकड़। (1) खाता सं. 00025, खसरा सं. 178, क्षेत्रफल 0.184 है0। (2) खसरा सं. 181, क्षेत्रफल 0.271 है0। कुल क्षेत्रफल 0.455 है0। उपरोक्त भूमि श्री राजकुमार द्वारा लीज पर दी गई है। (3) खाता सं. 00025, खसरा सं. 181, क्षेत्रफल 0.455 है0, श्री कवल नैन द्वारा लीज पर दी गई है। लीज डीड अनुसार सीमाये- पूरब में श्री सूरता सिंह की संपत्ति, पश्चिम मे सड़क, उत्तर में श्री चन्द मोहन की भूमि, दक्षिण में सड़क।	₹ 2,65,00,000.00 ईएमडी ₹ 26,50,000.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00	07.10.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा	07.09.2024 13.11.2024 ₹ 3,29,03,979.02 (रुपये तीन करोड़ उनतीस लाख तीन हजार नौ सौ उनासी एवं पैसे दो मात्र) । (अप्राप्त ब्याज) । अप्रयुक्त ब्याज + कानूनी शुल्क । अन्य शुल्क (दिनांक 31.07.2024 से प्रभावी) । यदि कोई हो तो कम वसूली

विक्रय के निबन्धन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाईट https://www.bankofbaroda.in/e-auction.html/ एवं https://banknet.com देखें। भागी बोली दाता प्राधिकृत अधिकारी, मो0-8477000519, 8477009621, से भी सम्पर्क कर सकते हैं। नोट : किसी भी त्रुटि या विवाद की स्थिति में इस नीलामी नोटिस का अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स दिनांक 19.09.2026 को प्रकाशित नोटिस मान्य होगा।

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय : 30.09.2026 को अपरान्ह 12 बजे से सायं 05:00 बजे तक

एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटरों को अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों सहित नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज एवं लागत सहित की जाएगी।

दिनांक : 18.09.2026 स्थान : बैंक ऑफ़ बड़ौदा, क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रुद्रपुर

प्राधिकृत अधिकारी